कोरोना वायरस से प्रभावित ओडिशा के लोगों के सहायतार्थ

कंधमाल लोकसभा सांसद प्रो अच्युत सामंत ने दिया

मुख्यमंत्री राहत कोष में अपने तीन महीने का सांसद वेतन

कोरोना वायरस से प्रभावित ओडिशा के लोगों के सहायतार्थ कीट–कीस के संस्थापक तथा कंधमाल लोकसभा सांसद प्रो अच्युत सामंत ने अपने तीन महीने का सांसद वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया। गौरतलब है कि गत वर्ष 2019 में 03मई को ओडिशा में आये भयंकर चक्रावाती तूफान फनी से प्रभावित लोगों के सहायतार्थ भी प्रो अच्युत सामंत ने कीट–कीस की ओर से अनेकानेक राहत सुविधाओं के साथ–साथ अपने राज्यसभा सांसद वेतन में से एक महीने का सांसद वेतन भी मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया था। यह भी ज्ञातव्य हो कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की सबसे महात्वाकांक्षी योजना ''प्रथम खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटीज गेम्स 2020 की मेजबानी से लेकर अखिल भारतीय स्तर पर यूनिवर्सिटीज गेम्स में हिस्सा लेनेवाले हजारों एथलेटों तथा आफिसियल्स आदि के कीट–कीस में ठहरने,उनके खाने–पीने ,ट्रांसपोर्ट तथा समस्त खेल संसाधन आदि की सुविधाएं ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक के निर्देशानुसार प्रो अच्युत सामंत ने अपनी ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराई थी। प्रो अच्युत सामंत आज 28मार्च,शनिवार की सुबह 4.30 बजे सिरुली हनुमान मंदिर अकेले जाकर हनुमानजी से ओडिशा की जनता को कोरोना वायरस से बचाने के लिए प्रार्थना की। अशोक पाण्डेय